# STATEMENT-CONCLUSION

**निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**(प्रश्न न. 1–7)**

एक संगठन में प्रबंधक वित्त के चयन की शर्ते निम्नानुसार हैं।

उम्मीदवार

(a) किसी भी अनुशासन में कम-से-कम 50 प्रतिशत अंक सहित स्नातक होना चाहिए।

(b) वित्त में विशेषज्ञाता सहित प्रबंधन में स्नातकोत्तर होना चाहिए।

(c) की उम्र यथा 1.2.2008 कम-से-कम 25 वर्ष होनी चाहिए और 35 वर्ष से अधिक होनी चाहिए।

(d) को किसी संगठन के लेखा/वित्त विभाग में कम से कम, अर्हता प्राप्ति के बाद का, दो वर्ष का कार्यानुभव होना चाहिए।

(e) को चयन प्रक्रिया में कम-से-कम 40 प्रतिशत अंक मिले होने चाहिए।

ऐसे उम्मीदवार के मामले में जो सभी मानदण्ड पूरे करता है

**सिवाय-**

(a) उपरोक्त (b) के, किंतु उसने बतौर उपप्रबंधक-वित्त किसी संगठन में कम-से-कम तीन वर्ष कार्य किया है तो उसका मामला महाप्रबंधक-वित्त के पास भेजा जाना है।

(b) उपरोक्त (e) के, किंतु उसे स्नातकोत्तर स्तर पर कम से कम 70 प्रतिशत अंक मिले हैं तो उसका मामला प्रेसिडेन्ट-वित्त के पास भेजा जाना है।

नीचे प्रत्येक प्रश्न में एक उम्मीदवार की विस्तृत जानकारी दी गई है। दी गई जानकारी और ऊपर दी गई शर्तों और उपशर्तों के आधार पर आपको निम्नलिखित में से एक कार्यवाही करनी है और तदनुसार अपना उत्तर देना है। प्रत्येक उम्मीदवार के बारे में दी गई जानकारी को छोड़कर आपकों और कुछ मानकर नहीं चलना है। ये सभी मामले आपको यथा 1.2.2008 तक के दिए गए हैं।

उत्तर (1) दीजिए यदि उम्मीदवार का चयन नहीं करना हैं।

उत्तर (2) दीजिए यदि मामला डाटा निर्णय लेने के लिए पर्याप्त नहीं है।

उत्तर (3) दीजिए यदि मामला महाप्रबंधक-वित्त के पास भेजना है।

उत्तर (4) दीजिए यदि मामला प्रसिडेन्ट-वित्त के पास भेजना है।

उत्तर (5) दीजिए यदि उम्मीदवार का चयन करना हैं।

1. नीता कोठारी का जन्म 10 सितंबर 1975 को हुआ था। वित्त में विशेषज्ञता सहित अपना MBA पूरा करने के बाद वह पिछले चार वर्ष से एक संगठन के वित्त विभाग में काम कर रही है। उसे चयन प्रक्रिया में 60 प्रतिशत अंक मिले है।

2. गोपाल शर्मा को स्नातकीकरण में 60 प्रतिशत अंक मिले हैं। 75 प्रतिशत सहित अपना MBA पूरा करने के बाद, पिछले चार वर्ष से वह एक संगठन के वित्त विभाग में कार्य कर रहा है। उसका जन्म 25 मई 1978 को हुआ था। उसे चयन प्रक्रिया में 39 प्रतिशत अंक मिले है।

3. शिखा द्विवेदी का जन्म 8 मार्च 1975 को हुआ था उसे स्नातकीकरण और स्नातकोत्तरीकरण दोनों में 60 प्रतिशत अंक मिले है। अपना स्नातकोत्तरीकरण पास करने के बाद, पिछले तीन साल से वह एक संगठन के लेखा विभाग में कार्य कर रही है। उसे चयन परीक्षा में 65 प्रतिशत अंक मिले हैं।

4. समीर मलहोत्रा को स्नातकीकरण में 55 प्रतिशत और MBA वित्त में 65 प्रतिशत अंक मिले हैं। अपना MBA पूराकरने के बाद वह चार वर्षसे एक संगठन में बतौर उपप्रबंधन वित्त कार्य कर रहा है। उसका जन्म 24 फरवरी 1980 को हुआ था। उसे चयन प्रक्रिया में 60% अंक मिले हैं।

5. सोमनाथ बनर्जी का जन्म 8 जुलाई 1972 को हुआ था। उसेस्नातकीकरण और MBA – वित्त दोनों में 65% अंक मिले है। उसे चयन प्रक्रिया में 70% अंक मिले हैं। अपना MBA पूरा करने के बाद पिछले तीन वर्ष में वह एक संगठन के लेखा विभाग में कार्यरत है।

6. अशोक चंद्र को स्नातकीकरण में 70% और MBA -वित्त मे 65% अंक मिले हैं। अपना MBA पूरा करने के बाद वह पिछले तीन साल सेएक संगठन के वित्त विभाग में कार्य कर रहा है। उसे चयन प्रक्रिया में 35% अंक मिले हैं। उसका जन्म 16 दिसंबर 1979 को हुआ था।

7. अविनाश चोपड़ा अपना स्नातकीकरण 65% अंक सहित पूरा करने के बाद, पिछले चार वर्ष से एक संगठन में बतौर उपप्रबंधन-वित्त कार्य कर रहा है। उसने वित्त प्रबंधन में डिप्लोमा भी किया। उसे चयन प्रक्रिया में 55% अंक मिले है। उसका जन्म 3 अप्रैल 1978 को हुआ था।

**(प्रश्न न. 8–17)**

एक संस्था में जू. एक्सिक्यूटिव के चुनाव के लिए निम्नलिखित मानदण्ड बनाए गए हैं

**उम्मीदवार**

(i) को SSC परीक्षा में कम-से-कम 70% अंक मिले हों।

(ii) ने कम-से-कम 65% अंकों और प्रथम श्रेणी में किसी भी अनुशासन में स्नातक की डिग्री ली हो।

(iii) ने कम-से-कम 55% अंकों के साथ चयन परीक्षा पास की हो।

(iv) ने कम-से-कम 50% अंकों के साथ साक्षात्कार उत्तीर्ण किया हो।

(v) की आयु 1.9.2008 को 21 वर्ष से कम और 28 वर्ष से अधिक न हो।

(vi) ने कम्प्यूटर्स में कम-से-कम एक सर्टीफिकेट/डिप्लोमा कोर्स किया हो।

**सिवाय-**

(a) उपरोक्त (ii) के, लेकिन उसने किसी भी अनुशासन में स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी कर ली हो, तो उसका मामला कम्पनी के वाइस प्रेसिडेंड को भेजा जा सकता है।

(b) उपरोक्त (iii) के लेकिन उसे चयन परीक्षा में कम-से-कम 50% और साक्षात्कार में कम-से-कम 60% अंक मिले हों, तो मामला कम्पनी के महाप्रबंधक (भर्ती) को भेजा जा सकता है।

नीचे प्रत्येक प्रश्न में एक उम्मीदवार की विस्तृत जानकारी दी गई है। आपको इस जानकारी तथा ऊपर दिए गए मानदण्डों और शर्तों के आधार पर निम्नलिखित पांच में से एक निर्णय लेना है। प्रत्येक प्रश्न में दी गई जानकारी के अलावा आपको और कोई अनुमान नहीं लगाना है। आपको ये सारे मामले तथा 1.09.2008 तक के दिए गए है। आपको प्रत्येक प्रश्न में निम्नानुसार ऊपर चुनकर अपना निर्णय बताना है।

उत्तर (1) दीजिए यदि उम्मीदवार का चयन करना हैं।

उत्तर (2) दीजिए यदि उम्मीदवार का चयन नहीं करना हैं।

उत्तर (3) दीजिए यदि मामला डाटा निर्णय लेने के लिए पर्याप्त नहीं है।

उत्तर (4) दीजिए यदि मामला कंपनी के वाइस प्रेसिडेंड को भेजा जाना है।

उत्तर (5) दीजिए यदि मामला कंपनी के महाप्रबंधक (भर्ती) को भेजा जाना है।

8. शमिका 69% अंकों के साथ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुई विज्ञान की स्नातक है। उसने SSC परीक्षा 83% अंक लेकर पास की है। उसने चयन परीक्षा 53% अंकों और साक्षात्कार 63% अंकों के साथ पास किया है। उसकी जन्मतिथि 1.8.1983 है। उसने कम्प्यूटर में 6 माह का सर्टीफिकेट कोर्स पूरा किया है।

9. विवेक इस समय अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर की पढाई कर रहा है। उसने स्नातक की परीक्षा 72% अंक लेकर प्रथम श्रेणी में पास की है। SSC में उसे 78% अंक मिले है। उसकी जन्मतिथि 21.8.1985 है। चयन परीक्षा में उसे 58% और साक्षात्कार में 62% अंक मिले है। कम्प्यूटर्स में उसने 6 माह का डिप्लोमा पास किया है।

10. अभिजीत ने स्नातक में 60% और स्नातकोत्तर में 65% अंक लिए है। उसने कम्प्यूटर्स में एक वर्ष का डिप्लोमा किया है। SSC में उसे 85% अंक मिले है। उसने चयन परीक्षा और साक्षात्कार क्रमशः 58% अंक लेकर पास की है। उसकी जन्म तिथि है। 21.2.2008 को वह 23 वर्ष का हुआ है।

11. सुजय चौधरी ने SSC परीक्षा 81% अंक लेकर डिस्टिंक्शन सहित और B.Com परीक्षा 68% अंक लेकर प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है। उसने कम्प्यूटर्स में एक सर्टीफिकेट कोर्स किया है। उसने चयन परीक्षा 51% अंक और साक्षात्कार 61% अंक लेकर पास की है। 21.2.2008 को 23 वर्ष का हुआ है।

12. अंकिता 68% अंकों के साथ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुई कॉमर्स स्नातक है। स्नातक के बाद उसने कम्प्यूटर्स में दो वर्ष का डिप्लोमा किया है। SSC के उसके अंक 85% थे। उसने चयन परीक्षा 64% और साक्षात्कार 58% अंक लेकर उत्तीर्ण की है। उसकी जन्म तिथि 27.8.1985 है।

13. मनीषा का SSC में 73% अंक और स्नातक में 62% अंक मिले है। स्नातक की पढाई के बाद वह एक प्राइवेट फर्म में काम कर रही है। उसने चयन परीक्षा 58% और साक्षात्कार 62% अंकों के साथ उत्तीर्ण किया है। उसकी जन्मतिथि 11.5.1983 है। उसने कम्प्यूटर्स में एक सर्टीफिकेट कोर्स किया है।

14. निकिता 72% अंकों के साथ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुई इंजीनियरिंग ग्रेजुएट है। उसने चयन परीक्षा और साक्षात्कार क्रमशः 63% और 65% अंक लेकर उत्तीर्ण किए है। उसने कम्प्यूटर्स में एक वर्ष का डिप्लोमा किया है। उसकी जन्मतिथि 16.7.1984 है।

15. ज्योतिका बसु 68% अंकों के साथ 2004 में प्रथम श्रेणी में B.SC. में उत्तीर्ण हुई है। SSC में उसने 67% अंक लिए है। इस समय वह M.Sc. कर रही है। उसने चयन परीक्षा और साक्षात्कार क्रमशः 56% और 53% लेकर पास किए है। उसने कम्प्यूटर्स में सर्टीफिकेट कोर्स किया है। उसकी जन्मतिथि 15.5.1985 है।

16. नंदन सावला ने 66% अंकों के साथ प्रथम श्रेणी में B.Com पास किया है। HSC में उसे 75% अंक मिले है। 25 जुलाई 2008 को उसने अपनी आयु के 25 वर्ष पूरे किए है। उसने चयन परीक्षा और साक्षात्कार 56% अंक लेकर पास की है। कम्प्यूटर्स में एक वर्ष का स्टींफिकेट कोर्स उसने 'A' ग्रेड में पूरा किया है।

17. राजेश चव्हान 61% अंकों के साथ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुआ कला स्नातक है। 62% अंक लेकर उसने अंग्रेजी में M.A. भी किया है। SSC में उसे 78% अंक मिले थे। उसने चयन परीक्षा 56% और साक्षात्कार 54% अंकों के साथ पास किया है। उसकी जन्मतिथि 25.3.1984 है। उसने कम्प्यूटर्समें डिप्लोमा कोर्स किया है।

**(प्रश्न न. 18–24)**

ENLIGHTEN PVT. LTD. ने प्रोजेक्ट लीडर के नियुक्ति का फैसला किया हैं जो निम्नलिखित (मानदण्ड पूरा करता हो।)

**उम्मीदवार**

(i) 70 प्रतिशत अंक के साथ स्नातक होना चाहिए।

(ii) को 60 प्रतिशत अंक के साथ व्यवसाय प्रबन्धन में स्नातकोत्तर होना चाहिए।

(iii) की उम्र यथा 1.11.2000 कम-से-कम वर्ष और 26 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

उपरोक्त मानदण्ड के अतिरिक्त उसे निम्नलिखित शर्तों में से कम-से-कम एक या अधिक को अवश्य पूरा करता हो।

**आवश्यक शर्तेः-**

(a) 2 वर्ष से काम का अनुभव।
(b) कम-से-कम एक कम्प्यूटर भाषा का ज्ञान।
(c) जिला/राज्य स्तर की खेल या संगीत प्रतियोगिता में भाग लिया हो।
(d) उसका/उसकी स्नातक विशेषज्ञता वाले मुख्य विषय में उच्च श्रेणी में पास हो।
(e) स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा में कम-से-कम 65 प्रतिशत अंकों से पास हो।

उपरोक्त शर्तों के अनुसार और दिये गये तथ्यों से प्रत्येक के लिए निर्णय ले। आपकों कोई अनुमान नहीं लगाना है। सारे मामले यथा 1.11.2000 दिये गये है।

18. आदित्य 25 वर्ष का है, विज्ञान में विशेषज्ञता के साथ भौतिक विज्ञान से स्नातक है वह एक NGO में प्रोजेक्ट लीडर के पद पर फरवरी 1998 से कार्य कर रहा है। उसने स्नातक में 75% अंक प्राप्त किया है। वह कम्प्यूटर की C++ तथा C भाषाओं का जानता है।

(a) नियुक्त किया जाना है-केवल (b) को संतुष्ट करते है।
(b) नियुक्त किया जाना है - केवल (a) और (b) को संतुष्टकरता है।
(c) नियुक्त किया जाना है - केवल (b) और (c) को संतुष्ट करते है।
(d) नियुक्ति नहीं किया जाना है।
(e) इनमें से कोई नहीं

19. समीर 75% अंकों के साथ कला स्नातक है और उसने 68% अंकों के साथ व्यवसाय प्रबन्धन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा किया है। उसका जन्मतिथि 29.11.76 है उसके पास कम्प्यूटर की बेसिक जानकारी भी है।

(a) नियुक्त किया जाना है
(b) नियुक्त किया जाना है - केवल (b) को संतुष्ट करता है।
(c) नियुक्त किया जाना है - केवल (c) को संतुष्ट करते है।
(d) नियुक्त किया जाना है केवल (b) और (e) को संतुष्ट करते है
(e) इनमें से कोई नहीं

20. युवराज 23 वर्ष का है जिसने 74% अंकों से राजनीति विज्ञान में स्नातक किया है और व्यवसाय प्रबन्धन में स्नातकोत्तर भी किया है और राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतिस्पर्धा में पुरस्कार जीता है वह एक निजी कम्पनी में जनवरी 2000 से काम कर रहा है।

(a) नियुक्त किया जाना है-केवल (a) को संतुष्ट करते है।
(b) नियुक्त किया जाना है - केवल (a) और (c) को संतुष्ट करता है।
(c) नियुक्त किया जाना है - केवल (c) को संतुष्ट करते है।
(d) नियुक्ति नहीं किया जाना है।
(e) इनमें से कोई नहीं

21. राखी मुख्य विषय गृहविज्ञान से स्नातक है, 79% अंक स्नातक में प्राप्त किया है वह हॉकी खिलाड़ी थी और राज्य स्तर में अपने कालेज का प्रतिनिधित्व किया है। उसने स्नातकोत्तर 1999 में 22 वर्ष की आयु में 67% अंकों के साथ किया है।

(a) नियुक्त किया जाना है।(b) आकड़े अप्रर्याप्त है।
(c) नियुक्त किया जाना है - केवल (b) और (c) को संतुष्ट करते है।
(d) नियुक्ति नहीं किया जाना है - केवल (b) और (d) को संतुष्ट करते हैं।
(e) इनमें से कोई नहीं

22. धोनी ने रसायन विज्ञान में विशेषज्ञता सहित स्नातक में 73% अंक प्राप्त किया है और रसायन विज्ञान में उच्च श्रेणी में उर्त्तीण की है वह एक कंपनी में 22 वर्ष की आयु से प्रोजेक्ट सहायक के रूप मे पिछले दो वर्षो से काम कर रहा है उसने व्यवसाय प्रबन्धन में 68% अंकों के साथ स्नातकोत्तर किया है।

(a) नियुक्त किया जाना है-केवल (a) और (c) को संतुष्ट करते है।
(b) नियुक्त किया जाना है - केवल (a) और (c) को संतुष्ट करते है।
(c) नियुक्त किया जाना है - केवल (a) और (d) को संतुष्ट करते है।
(d) नियुक्ति नहीं किया जाना है।
(e) इनमें से कोई नहीं

23. जवाहर ने व्यवसाय प्रबन्धन में 68% अंकों के साथ स्नातकोत्तर किया है और 69% अंकों के साथ स्नातक किया है वह एक संगीतकार है और हमेशा राज्य स्तर की प्रतिस्पर्धा में सम्मिलित होता है। उनकी जन्मतिथि 11.6.75 है।

(a) नियुक्त किया जाना है-केवल (c) को संतुष्ट करता है।
(b) नियुक्त किया जाना है - केवल (e) को संतुष्ट करता है।
(c) नियुक्त किया जाना है - केवल (c) और (d) संतुष्ट करते है।
(d) नियुक्ति नहीं किया जाना है।
(e) इनमें से कोई नहीं

24. सरिता किसी निजी कम्पनी में सितम्बर 1999 से एक्सक्यूटिब है। उसने जन्तुविज्ञान मुख्य विषय के साथ स्नातक किया है और जन्तु विज्ञान में उच्च श्रेणी के साथ 72% अंक प्राप्त किया है। वह संगीत में अच्छी है और राज्य-स्तर संगीत प्रतियोगिता में भाग लिया है। वह 65% अंकों के साथ व्यवसाय प्रबन्ध में स्नातकोन्तर है।
(a) नियुक्त किया जाना है-केवल (a) और (c) को संतुष्ट

करते है।

(b) नियुक्त किया जाना है - केवल (c) और (e) को संतुष्ट करता है।

(c) नियुक्त किया जाना है - केवल (c) और (d) को संतुष्ट करते है।

(d) नियुक्ति नहीं किया जाना है।

(e) इनमें से कोई नहीं

**( प्रश्न न. 25–32 )**

**किसी संस्था में कृषि अधिकारी की भर्ती के लिए निम्न शर्ते लागू होती है।**

(a) कम-से-कम 65% अंकों के साथ कृषि में स्नातक हो।

(b) कम-से-कम 50 अंकों के साथ प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण किया हो।

(c) साक्षात्कार में कम-से-कम 45% अंक प्राप्त किया हो।

(d) 1.11.1975 के बाद लेकिन 1.11.1984 के पहले पैदा हो।

(e) ग्रामीण क्षेत्र में काम करने की इच्छा रखता हो।

यदि उम्मीदवार उपरोक्त सभी मानदण्ड पूरा करता है

(a) उपरोक्त (i) के, किंतु कृषि में स्नातकोत्तर उत्तीर्ण किया है, तो उसका मामला वाइस प्रेसिडेंट के पास भेजा जा सकता है।

(b) उपरोक्त (ii) के, किंतु 3 किंतु 3 किन्तु उसने 60% या अधिक अंकों से प्रवेश परीक्षा पास की है और साक्षात्कार में कम-से-कम 40% अंक प्राप्त किया है, मामला चीफ जनरल मैनेजर के पास भेजा जा सकता है।

नीचे प्रत्येक प्रश्न में एक उम्मीदवार के बारें में जानकारी दी गई है। आपको इस जानकारी तथा ऊपर दिए गए मानदण्डों और शर्तो के आधार पर निम्नलिखित पांच में से एक निर्णय लेना है। प्रत्येक प्रश्न में दी गई जानकारी के अलावा आपको और कोई अनुमान नहीं लगाना है। आपको ये सारे मामले यथा 1.11.2005 तक के दिए गए है। आपको प्रत्येक प्रश्न में निम्नानुसार उत्तर चुनकर अपना निर्णय बताना है।

उत्तर (1) दीजिए यदि उम्मीदवार का चयन किया जाना है।

उत्तर (2) दीजिए यदि मामला वाइस प्रेसिडेंट को भेजा जाना है।

उत्तर (3) दीजिए यदि मामला चीफ जनरल मैनेजर को भेजा जाना है।

उत्तर (4) दीजये यदि उम्मीदवार का चयन नहीं किया जाना है।

उत्तर (5) दीजिए यदि डाटा निर्णय लेने के लिए अपर्याप्त है।

25. साहिल ने 2003 में 21, वर्ष की आयु में 68% अंकों के साथ कृषि में B.Sc किया है। वह कृषि में स्नातकोत्तर कर रहा है और मई 2006 में इसे पूरा करेगा। वह प्रवेश परीक्षा में 58% अंक प्राप्त किया है और वह साक्षात्कार में 50% अंक प्राप्त किया है। वह ग्रामीण क्षेत्र में काम करने की इच्छा रखता है।

26. मिलिन्द 70% के साथ कृषि स्नातक है। उसका जन्मतिथि 11. 07.1984 है। वह प्रवेश परीक्षा में 68% अंक प्राप्त किया है और साक्षात्कार में 42% अंक प्राप्त किया है। वह ग्रामीण क्षेत्र में काम करने को इच्छा रखता है।

27. प्रवीण 58% अंकों के साथ कृषि में स्नातकोत्तर है। वह अंकों के साथ कृषि में स्नातकोत्तर करने के बाद पिछले दो वर्षो से काम कर रहा है। उसने 56% अंक और साक्षात्कार में 52% अंक प्राप्त किया है वह ग्रामीण क्षेत्र में काम करने की इच्छा रखता है।

28. नीखिल, जो 22 वर्ष का है अभी 78% के साथ कृषि में B.Sc पास किया है उसका आवास महाराष्ट्र राज्य के ग्रामीण क्षेत्र में है और वह भविष्य में भी ग्रामीण क्षेत्र में रहना पसन्द करता है। उसने प्रवेश परीक्षा में 66% अंकों के साथ और साक्षात्कार 58% अंकों के साथ उत्तीर्ण किया है।

29. राज बारू जी पिछले तीन वर्षो से कृषि अधिकारी के पद पर काम कर रहा है ने 23 वर्ष की आयु में 62% अंकों के साथ कृषि में B.Sc किया उसने प्रवेश परीक्षा 48% अंकों के साथ तथा साक्षात्कार 47% अंकों के साथ किया पास हैं वह ग्रामीण क्षेत्र में काम करने की इच्छा रखता है।

30. अविनाश की आयु 24 वर्ष है और उसने स्नातक तथा स्नातकोत्तर क्रमशः 67% तथा 69% अंकों के साथ किया है। उसने प्रवेश में 70% अंक और साक्षात्कार में 42% अंक प्राप्त किया है।

31. रमेश 60% अंकों के साथ कृषि में स्नातक है और अभी 56% अंकों के साथ कृषि के साथ स्नातकोत्तर पुरा किया है उसने प्रवेश परीक्षा तथा साक्षात्कार में क्रमशः 62% तथा 58% अंक प्राप्त किया है उसका जन्मतिथि 26.4.1982 है उसे ग्रामीण या शहरी में क्षेत्र में काम करने में समस्या नहीं है।

32. राजेश ने 22 वर्ष की आयु में, 1996 में, 75% अंकों के साथ कृषि स्नातक है। उसके बाद पिछले 7 वर्षो में कृषि सहायक के रूप में काम कर रहा है। उसने प्रवेश परीक्षा 55% से अधिक अंक प्राप्त किया है। वह ग्रामीण क्षेत्र में काम करना पसन्द करता है।

| | | |
|---|---|---|
| **1.** (b) | **16.** (a) | **31.** (e) |
| **2.** (d) | **17.** (a) | **32.** (d) |
| **3.** (b) | **18.** (e) | |
| **4.** (e) | **19.** (c) | |
| **5.** (b) | **20.** (c) | |
| **6.** (a) | **21.** (b) | |
| **7.** (b) | **22.** (e) | |
| **8.** (e) | **23.** (d) | |
| **9.** (a) | **24.** (e) | |
| **10.** (d) | **25.** (a) | |
| **11.** (e) | **26.** (c) | |
| **12.** (a) | **27.** (b) | |
| **13.** (a) | **28.** (a) | |
| **14.** (c) | **29.** (d) | |
| **15.** (b) | **30.** (c) | |